तापमान
अधिकतम 42 डिग्री
न्यूनतम 26 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, रविवार 17 मई 2026

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

13 सहकारिता आयुक्त ने किया समितियों का औचक निरीक्षण



14 वट सावित्री व्रत पर उमड़ी श्रद्धा, महिलाओं ने की अखंड सौभाग्य...









## खबर संक्षेप

### आज सीएम करेंगे कई विकास कार्यों का लोकार्पण-भूमिपूजन



**धमतरी।** सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आज धमतरी में आयोजित सुशासन तिहार में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल होंगे। पुराना कृषि उपज मंडी प्रांगण में प्रशासन द्वारा इसकी जोर-शोर से तैयारी चल रही है। मुख्यमंत्री यहां कई विकास कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण करेंगे। करीब 1 बजे उनके धमतरी आगमन की संभावना है।

### छात्रावासों में दिव्यांग बच्चों को प्रवेश देने की मांग



**धमतरी।** समावेशी शिक्षा के तहत दिव्यांग बच्चों को सामान्य स्कूलों में शिक्षा प्रदान की जा रही है, ताकि वे अन्य बच्चों की तरह सभी गतिविधियों में भाग लेकर आत्मनिर्भर बन सकें। लेकिन माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक स्तर की पढ़ाई के लिए कई बच्चों को दूरस्थ हाई और हायर सेकेंडरी स्कूलों में प्रवेश लेना पड़ता है। ऐसे में उन्हें घर से दूर रहकर शिक्षा ग्रहण करने में अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसी समस्या को देखते हुए शिक्षक घनश्याम सिंह साहू ने जिले के सभी छात्रावासों में दिव्यांग बच्चों को प्राथमिकता के आधार पर स्थान देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि छात्रावास सुविधा मिलने से दिव्यांग बच्चों की पढ़ाई बीच में नहीं छूटेगी और वे आगे की शिक्षा सफलता पूर्वक पूरी कर सकेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि संकुल स्तर पर ऐसे बच्चों की नियमित मॉनिटरिंग की जानी चाहिए, ताकि कोई भी दिव्यांग बच्चा शिक्षा से वंचित या शाला त्यागी न हो। शिक्षा विभाग से इस दिशा में आवश्यक पहल करने की मांग की गई है।

### शासन से मिली है 4.62 करोड़ रुपए की वित्तीय स्वीकृति

# खिलाड़ियों को जल्द मिलेगा आधुनिक इंडोर स्टेडियम






हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शहर के खिलाड़ियों के लिए बहुप्रतीक्षित मल्टीपर्पस इंडोर स्टेडियम निर्माण की प्रक्रिया अब अंतिम चरण में पहुंच गई है। शासन से 4.62 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति मिलने के बाद टेंडर प्रक्रिया पूरी कर दर स्वीकृति के लिए प्रस्ताव भेजा गया है। स्टेडियम के तैयार होने के बाद खिलाड़ियों को आधुनिक खेल सुविधाएं एक ही परिसर में उपलब्ध होंगी।

करीब आठ माह पहले सितंबर 2025 में इस महत्वाकांक्षी परियोजना को वित्तीय मंजूरी मिली थी। नगर निगम द्वारा अतिरिक्त 37 लाख रुपये का प्रस्ताव शासन को भेजा गया था, जिसे अस्वीकार करते हुए मूल राशि में ही कार्य करने के निर्देश दिए गए। इसके बाद 2 मार्च 2026 को ई-टेंडर जारी कर शासन को दर स्वीकृति के लिए भेजा गया।

#### एक माह के भीतर वर्क ऑर्डर जारी होगा



महापौर रामू रोहरा ने बताया कि शासन से 4.62 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है और दर स्वीकृति मिलते ही आगे की कार्रवाई तेज कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि एक माह के भीतर वर्क ऑर्डर जारी कर निर्माण कार्य शुरू करने का लक्ष्य रखा गया है।

#### आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होगा नया भवन

प्रस्तावित मल्टीपर्पस इंडोर स्टेडियम आधुनिक खेल सुविधाओं से लैस होगा। लगभग 40 मीटर लंबा, 20 मीटर चौड़ा और 12 मीटर ऊंचा यह भवन खिलाड़ियों के लिए नई सौगात साबित होगा। इसमें दो बैडमिंटन कोर्ट, मिनी जिम, फायर फाइटिंग सिस्टम और रेन वाटर हार्वेस्टिंग जैसी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। साथ ही महिला और पुरुष खिलाड़ियों के लिए अलग-अलग चेंजिंग रूम भी बनाए जाएंगे।

#### पुराना स्टेडियम जर्जर

वर्तमान इंडोर स्टेडियम वर्ष 2009-10 में बनाया गया था, जिसकी स्थिति अब काफी जर्जर हो चुकी है। भवन में लगी टाइल्स टूट चुकी हैं, छत से पानी टपकता है तथा पर्याप्त रोशनी और पंखों का अभाव है। इसके बावजूद खिलाड़ी लगातार अभ्यास कर रहे हैं। नया स्टेडियम बनने से खिलाड़ियों को सुरक्षित और आधुनिक माहौल मिलेगा।


#### खेल प्रतिभाओं को मिलेगा नया मंच

गौरव पथ स्थित मैदान और इंडोर परिसर में वर्तमान में खेल गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं। मैदान असमतल हो चुका है और कई स्थानों पर ऊंची-लंबी कूद के लिए गड्ढे बने हुए हैं, जिससे फुटबाल और क्रिकेट खिलाड़ियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बावजूद इसके खेल प्रेमियों में नए स्टेडियम को लेकर उत्साह बना हुआ है।

## प्री-मानसूनी गतिविधियां शुरू, 26 मई को केरल प्रवेश कर सकता है मानसून

- आंधी तूफान के साथ बिजली गिरने, बारिश की संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



इस साल मानसून तय समय से चार दिन पहले प्रवेश कर सकता है। इसी के साथ जिले में प्री-मानसूनी गतिविधियां भी शुरु हो गई है। अगले तीन दिनों तक आंधी तूफान, बिजली गिरने और हल्की बारिश के साथ गरज-चमक वाली गतिविधियां जारी रहने की संभावना है। बावजूद इसके तापमान में क्रमिक वृद्धि होने के आसार हैं।

मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के अनुसार दक्षिण पश्चिम मानसून 26 मई को केरल में प्रवेश कर सकता है। इसमें मॉडल त्रुटि प्लस-माइनस 4 दिन का हो सकता है। शनिवार को कम दबाव का क्षेत्र दक्षिण-पश्चिम और इससे लगे पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना रहा। इससे जुड़ा चक्रवाती परिसंचरण 4.5 किमी के ऊंचाई के साथ दक्षिण-पश्चिम की ओर झुक रहा है। मध्य उत्तरप्रदेश तथा इसके आसपास क्षेत्र में एक चक्रवाती परिसंचरण 1.5 किमी ऊपर तक फैला हुआ है। उत्तर-पूर्वी विदर्भ और आसपास के इलाकों में बना चक्रवाती परिसंचरण अभी भी जारी है। यह समुद्रतल से 1.5 किमी तक फैला हुआ है। उपरोक्त उत्तरी हवा के चक्रवाती परिसंचरण से लेकर तेलंगाना और आंतरिक कर्नाटक तक फैली हुई द्रोणिका 0.9 किमी ऊपर पर बनी हुई है। मौसम विभाग ने चेतावनी में कहा है कि रविवार को प्रदेश के एक दो स्थानों पर गरज -चमक के साथ वज्रपात होने तथा 40 से 50 किमी की रफ्तार से तेज हवा चल सकती है। वहीं हल्की वर्षा होने की संभावना है।

## कलेक्टर से की निजी जमीन पर अतिक्रमण कर सड़क निर्माण करने की शिकायत

- अतिक्रमणकारियों पर कार्रवाई या विधिक प्रक्रिया के तहत मुआवजा दिलाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



बेलरगांव तहसील में निजी भूमि पर अतिक्रमण कर सड़क निर्माण किए जाने का गंभीर मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित ने कलेक्टर से लिखित शिकायत कर आरोपियों पर वैधानिक कार्रवाई तथा अतिक्रमण रोकने की मांग की है।

ग्राम झुरानदी तहसील बेलरगांव निवासी कृष्णा मंडावी ने कलेक्टर के नाम सौंपे आवेदन में कहा है कि उसकी निजी जमीन खसरा नंबर 286 ग्राम झुरानदी तहसील बेलर जिला धमतरी में है। उसकी जमीन पर उसे बिना जानकारी, सहमति या वैधानिक सूचना के सड़क निर्माण किया जा रहा है। भारत के संविधान के अनुसार किसी व्यक्ति को उसकी संपत्ति से विधि द्वारा स्थापित प्रक्रिया के बिना वंचित नहीं किया सकता। सभी नागरिकों को समानता का अधिकार देता है। गरिमापूर्ण जीवन एवं वैधानिक प्रक्रिया का संरक्षण सुनिश्चित करता है। पीड़ित कृष्णा मंडावी ने कहा है कि लैंड एक्ट 2013 के तहत किसी भी निजी भूमि का अधिग्रहण उचित सूचना, सुनवाई एवं मुआवजे के बिना नहीं किया जा सकता। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

## दुष्कर्म मामले में दिल्ली पुलिस ने किया पेट्रोल पंप संचालक को गिरफ्तार

**धमतरी।** दिल्ली पुलिस अचानक धमतरी पहुंची और दुष्कर्म मामले में एक पेट्रोल पंप संचालक को गिरफ्तार कर अपने साथ ले गई। इसके बाद शहर में हड़कंप मच गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार की सुबह दिल्ली की पुलिस धमतरी में एक दुष्कर्म के मामले में आरोपी को गिरफ्तार करने पहुंची थी। बताया जा रहा है कि व्यवसायी के खिलाफ दिल्ली आईजीआई एयरपोर्ट थाना में किसी महिला ने दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कराई है जिसके बाद दिल्ली पुलिस हरकत में आई और धमतरी पहुंचकर आरोपी की शिनाख्ति के बाद उसे गिरफ्तार किया। कोर्ट से ट्रांजिट रिमांड लेकर आरोपी को पुलिस अपने साथ दिल्ली ले गई। मामला पूरी तरह से स्पष्ट नहीं हो पाया है कि आखिर महिला ने दुष्कर्म का आरोप क्यों लगाया है। क्या ये व्यवसायी दिल्ली जाया करते थे।

इस संबंध में धमतरी एएसपी शैलेंद्र पांडे ने मीडिया को बताया कि दिल्ली के एक थाना क्षेत्र में रेप का केस दर्ज हुआ है। शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया गया है। आरोपी को गिरफ्तार करने दिल्ली पुलिस पहुंची थी। आरोपी गुजराती कॉलोनी निवासी हैं।

## बाइक में छिपा बैठा था गंहुआ नाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

- सर्पमित्र सूरज ने रेस्क्यू कर भटगांव के जंगल में छोड़ा



सिहावा रोड स्थित कालिका चौक में एक जहरीला गंहुआ सांप व्यापारी की मोटरसाइकल में घुस गया। करीब 15 मिनट की मशक्कत के बाद सर्पमित्र सूरज पांडे ने सांप का रेस्क्यू किया और भटगांव के जंगल में सुरक्षित रिलीज किया।

शुक्रवार की रात व्यापारी घर जाने के लिए जब बाइक निकाल रहा था, तब उसने मोटरसाइकिल में कुछ हलचल महसूस की। गौर से देखने पर सांप स्पष्ट नजर आया। इसकी खबर आसपास फैली तो वहां पर दहशत का माहौल बन गया। देखते ही देखते मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत सर्पमित्र नीरज पांडे को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही सर्पमित्र नीरज पांडे मौके पर पहुंचे और सावधानीपूर्वक रेस्क्यू कर सांप को सुरक्षित बाहर निकाला। मोटरसाइकिल के इंजन और बॉडी के बीच सांप काफी अंदर तक घुसा हुआ था, जिसके कारण रेस्क्यू करने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। लगभग 30 मिनट की मेहनत के बाद सर्पमित्र ने लगभग 3 फीट लंबे जहरीले गंहुआ नाग को सुरक्षित बाहर निकाला।

सर्पमित्र नीरज पांडे ने बताया कि गंहुआ नाग अभी बच्चा था। प्रजाति बेहद जहरीली मानी जाती है। इसके काटने के तुरंत बाद यदि एंटी वेनम नहीं दिया जाए तो व्यक्ति की मौत हो सकती है। सांप पर्यावरण के मित्र हैं, यूं ही किसी को नहीं डसते। उन्होंने अपील की कि कहीं पर सांप दिखता है तो उसे मारें नहीं। किसी सर्पमित्र या वन विभाग को तुरंत सूचना दें।

### लिमिट में दिया जा रहा फ्यूल, जेरीकेन में पेट्रोल, डीजल देना बंद

# पेट्रोल पंपों में लाइन हुई छोटी, आज राहत की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



डीजल, पेट्रोल के संकट से अब जाकर राहत मिली है। अधिकांश पेट्रोल पंप में पेट्रोल, डीजल उपलब्ध है, हालांकि स्थिति को देखते हुए अभी लिमिट में पेट्रोल डीजल दिया जा रहा है। जेरिकेन में फ्यूल देना बंद कर दिया गया है।

अफवाह के चलते पिछले कुछ दिनों से धमतरी सहित पूरे प्रदेश के पेट्रोल पंपों में मारामारी की स्थिति थी। लोग लाइन लगाकर पेट्रोल डीजल भरवा रहे थे। एक साथ बड़ी संख्या में लोगों द्वारा जरूरत से ज्यादा फ्यूल भरवाने से पूरे जिले में फ्यूल संकट की स्थिति बन गई थी। कई पेट्रोल पंपों में तो स्टाक खाली हो गया था। पेट्रोल पंप के ड्राई होने पर पंप को बंद करने की स्थिति बन गई थी। लोगों में भगदड़ की स्थिति को देखते हुए जिन पेट्रोल पंपों में स्टाक था, उन्होंने भी शटर डाउन कर दिया था। शनिवार को इस संकट से आंशिक राहत मिली। पेट्रोल पंप में डीजल और पेट्रोल का स्टाक पहुंच गया था, जिसके बाद वितरण में सुधार आया। पेट्रोल पंप के संचालकों ने अपील की है कि उनके पास पर्याप्त मात्रा में फ्यूल पहुंच रहा है। स्टाक भी संतोषप्रद है। अफवाहों को नजर अंदाज कर जरूरत के अनुसार ही पेट्रोल डीजल लें।

#### स्थिति सामान्य है

पेट्रोल पंप संचालक सौरभ नंदा ने बताया कि रविवार से स्थिति सामान्य होने की उम्मीद है। पेट्रोल का स्टाक थोड़ा कम है। डीजल भरपूर मात्रा में उपलब्ध है। दोपहिया वाहनों को 200 और चारपहिया वाहनों को 500 रुपए तक पेट्रोल दिया जा रहा है। डीजल 1500 रूपए तक का दिया जा रहा है। कई लोग अवैध रूप से पेट्रोल डीजल का स्टाक रख रहे हैं, जिसे देखते हुए जेरिकेन में पेट्रोल डीजल देना बंद कर दिया गया है। श्री नंदा ने ग्राहकों को धैर्य रखने की अपील की है। स्थिति सामान्य है।

#### लकड़ी पर पकने लगा खाना

एलपीजी की किल्लत खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। बुकिंग के बाद भी लोगों को गैस नहीं मिल रही है। गांव से लेकर शहरों में अब परंपरागत उर्जा स्त्रोतों से खाना बनने लगा है। लकड़ी, उपलों की डिमांड बढ़ गई है। खासकर गांवों में तो चूल्हे पर ही खाना बन रहा है। उधर शहर में लकड़ी की डिमांड देखते हुए इसके दाम में आंशिक वृद्धि हुई है। अभी सूखी लकड़ी 8.50 रुपए प्रतिकिग्रा बिक रही है। इसके अतिरिक्त इंडक्शन की डिमांड बढ़ी है।



## खबर संक्षेप

**जनजातीय गरिमा उत्सव 19 से**

**धमतरी।** जिले में जनजातीय समुदायों के सर्वांगीण विकास और जनभागीदारी को बढ़ावा देने 19 से 25 मई तक जनजातीय गरिमा उत्सव आयोजित किया जाएगा।

## निधन

### रमशीलाबाई पटेल



**सिर्री।** ग्राम सिवनीकला निवासी रमशीला बाई पटेल उम्र 90 वर्ष का निधन 14 मई को हो गया। वे संतराम पटेल, दुर्गेश पटेल की माता और प्रेमू पटेल की दादी थीं। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। उनको श्रद्धांजलि अर्पित करने परिजन, समाजजन सहित अन्य ग्रामीणजनों की भीड़ रही।

### सोहागाबाई साहू



**मगरलोड।** ग्राम अरौद निवासी सोहागा बाई साहू का 14 मई गुरुवार को निधन हो गया। वे डॉ शोभाराम साहू की पत्नी तथा ग्रामीण साहू समाज संगठन सचिव संतोष साहू, रोहित साहू, उमेश साहू की मां थी। उनके अंतिम संस्कार में सामाजिकजन एवं ग्रामवासी शामिल हुए।

### रूक्मणि सोनी



**मगरलोड।** गौरव ग्राम मेघा निवासी रूक्मणि सोनी का 10 मई रविवार को निधन हो गया। वे पुरुषोत्तमलाल सोनी की पत्नी तथा गगन, रेखा सोनी की मां थीं। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। इस अवसर पर सैकड़ों ग्रामीण एवं परिवारजन शामिल हुए।

# मड़ेली में महिलाओं ने रखा वट सावित्री का व्रत, पति की लंबी आयु मांगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीजामगांव

ग्राम मड़ेली में महिलाओं ने वट सावित्री का व्रत रखा। हिंदू धर्म के अनुसार सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी आयु, अखंड सौभाग्य और घर में सुख-समृद्धि की कामना से रखती हैं। यह व्रत सती सावित्री की अटूट भक्ति, असीम प्रेम और अदम्य साहस का प्रतीक है। बरगद पेड़ की पूजा करती हैं।

पुराणों के अनुसार इस वृक्ष में त्रिदेव ब्रह्मा, विष्णु और महेश का वास माना जाता है। वट सावित्री व्रत पति की दीर्घायु और वैवाहिक जीवन में खुशहाली बनाए रखने के लिए किया जाता है। इस व्रत में वट यानी बरगद पेड़ की पूजा की जाती है। वट सावित्री की कहानी सावित्री और सत्यवान से जुड़ी है।

**अखंड सौभाग्य और सुख-समृद्धि की कामना की**





### बरगद पेड़ की पूजा कथा भी सुनी

कहते हैं कि प्राचीन समय में सावित्री नाम की एक पतिव्रता स्त्री थी जिनके पति की मृत्यु हो गई थी। लेकिन जब यमराज सावित्री के पति सत्यवान के प्राण लेने आए तो उन्होंने अपने तप, भक्ति और बुद्धिमत्ता से यमराज को प्रसन्न कर अपने पति के प्राण वापस प्राप्त कर लिए। सावित्री के पति को फिर से जीवन प्राप्त हुआ था। उस दिन ज्येष्ठ महीने की अमावस्या थी। यही कारण है कि इस तिथि पर हर साल महिलाएं वट सावित्री व्रत रखती हैं। दुलेश्वरी, किरण, थनेश्वरी, खिलेश्वरी, निमेश्वरी, पायल, केशर साहू, प्रमिला, सुमन, टिकेश्वरी, तेजेश्वरी, ममता, लेखनी एवं जगिता सहित बड़ी संख्या में महिलाओं ने यह व्रत रखा था।

कई जगह पेड़ गिरे, बिजली तार टूटे, घंटों बाधित रही बिजली आपूर्ति, जनजीवन प्रभावित

# दोपहर बाद तेज आंधी-तूफान और बारिश से मौसम हुआ सुहाना, किसानों की बढ़ी चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

नगरी विकासखंड में पिछले एक सप्ताह से मौसम में बदलाव हो रहा है। शनिवार को नगरी अंचल सहित आसपास के कई गांवों में दोपहर 12 बजे से लेकर 3 बजे के बाद अचानक मौसम का मिजाज बदला। तेज आंधी-तूफान, गरज-चमक और जोरदार बारिश ने जहां लोगों को भीषण गर्मी से राहत पहुंचाई है, वहीं किसानों की चिंता भी बढ़ा दी है। लगातार हो रही बेमौसम बारिश से जनजीवन प्रभावित हो गया है।

दोपहर में अचानक आसमान में काले बादल छा गए। तेज हवाएं चलने लगी और देखते ही देखते मूसलाधार बारिश शुरू हो गई। कई स्थानों पर तेज आंधी के कारण पेड़ों की डालियां टूटकर सड़कों पर गिर गईं, जिससे आवागमन प्रभावित हुआ। कुछ जगह बड़े पेड़ गिरने से रास्ते अवरुद्ध हो गए, जिससे ग्रामीणों को आवाजाही में परेशानी का सामना करना पड़ा।



### किसानों को आर्थिक नुकसान

दूसरी ओर यह बारिश किसानों के लिए चिंता का कारण बन गई है। इस समय रबी फसल की कटाई और भंडारण का कार्य कई स्थानों पर जारी है। तेज बारिश और आंधी के कारण खेतों में तैयार फसल को नुकसान पहुंचने की आशंका बढ़ गई है। कटाई के बाद खुले में रखे धान, गेहूं तथा अन्य उपज के भीगने से किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है।

### फसल की गुणवत्ता होगी प्रभावित

किसानों का कहना है कि मौसम के इस अचानक बदले रुख ने उनकी मेहनत पर संकट खड़ा कर दिया है। यदि इसी प्रकार लगातार बारिश होती रही तो फसल की गुणवत्ता प्रभावित होगी और बाजार में उचित मूल्य मिलने में भी कठिनाई हो सकती है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मौसम की स्थिति को देखते हुए आवश्यक सहायता, उचित मार्गदर्शन तथा बिजली व्यवस्था को शीघ्र सुचारु बनाए रखने की मांग की है।

### बिजली गुल रहने से काफी परेशानी





तेज हवा और बारिश के चलते कई गांवों में बिजली के तार भी टूट गए, जिसके कारण घंटों तक विद्युत आपूर्ति बंद रही। गांवों में लंबे समय तक बिजली गुल रहने से लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ी। बिजली विभाग के कर्मचारियों को भी लगातार फॉल्ट सुधारने और आपूर्ति बहाल करने के लिए कठिन परिस्थितियों में कार्य करना पड़ा। भीषण गर्मी से परेशान लोगों के लिए यह बारिश राहत लेकर आई है। तापमान में गिरावट आने से मौसम सुहावना हो गया है। लोगों ने गर्मी से कुछ हद तक राहत महसूस की है। बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर लोगों ने ठंडी हवाओं और बदले मौसम का आनंद भी लिया।

# महिलाओं ने की वट वृक्ष की परिक्रमा



हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

बेलरगांव में सुहागिन महिलाओं ने श्रद्धा, भक्ति और विधि-विधान के साथ वट सावित्री व्रत का पालन किया। महिलाओं ने अपने पति की दीर्घायु, परिवार की सुख-समृद्धि एवं अखंड सौभाग्य की कामना करते हुए वट वृक्ष (बरगद) के नीचे पूजा-अर्चना की।

इस अवसर पर महिलाओं ने वट वृक्ष की परिक्रमा कर कच्चा सूत लपेटा तथा विभिन्न प्रकार के प्रसाद अर्पित कर भगवान से मनोकामना पूर्ण होने की प्रार्थना की। पूरे वातावरण में धार्मिक आस्था और उत्साह का माहौल देखने को मिला।

गांव की महिलाओं ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार व्रत रखकर पूजा संपन्न की। इस दौरान गायत्री पवार, सोनिया लिमजा, निर्मला पवार, कामना सोनी, ललित साहू, श्रीमती गौरी पटेल सहित बड़ी संख्या में ग्राम की महिलाएं उपस्थित रहीं। महिलाओं ने बताया कि वट सावित्री व्रत भारतीय संस्कृति और पारिवारिक मूल्यों का प्रतीक है, जिसे हर वर्ष श्रद्धा और विश्वास के साथ मनाया जाता है। पूजा-अर्चना के बाद सभी ने परिवार की खुशहाली और समाज में सुख-शांति की कामना की।

# महिलाओं ने रखा वट सावित्री का व्रत, पति की दीर्घायु की कामना की



हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी

ग्राम भैंसबोड़ एवं आसपास के गांवों में वट सावित्री का व्रत रखा गया। मातृ शक्तियों ने अपने पति की दीर्घायु की कामना करते हुए व्रत रखा। बरगद वृक्ष के समीप विशेष पूजा अर्चना कर पति की लम्बी आयु की कामना की। आस्था, भक्ति और श्रद्धा चरम पर थी। महिलाओं ने अपनी समर्पित भावना के साथ व्रत की तमाम विधियों को पूरा किया।

प्रेमलता साहू एवं सुषमा साहू ने बताया कि हिंदू कैलेंडर के अनुसार वट सावित्री व्रत ज्येष्ठ मास की अमावस्या तिथि को किया जाता है। इस दिन सुहागिन स्त्रियां बरगद पेड़ की पूजा करती हैं और अपने पति की लंबी उम्र की कामना करती हैं।



वट सावित्री व्रत सौभाग्य प्राप्ति के लिए एक बड़ा व्रत माना जाता है। कहते हैं कि इस दिन सभी सुहागिन महिलाएं एक साथ मिलकर कथा सुनती हैं। इस व्रत में वटवृक्ष की पूजा की जाती है। महिलाएं अखण्ड सौभाग्य व परिवार की समृद्धि के लिए यह व्रत करती हैं। व्रत में परिक्रमा करते समय 108 बार बरगद के पेड़ में सूत लपेटा जाता है। महिलाएं सावित्री-सत्यवान की कथा सुनती हैं। सत्यवान-सावित्री की कथा को सुनने से मनोरथ पूर्ण होता है और विपदा दूर होती है।

# जिपं सदस्य ने जोरातराई अं को टैंकर प्रदान किया

**अंवरी।** ग्राम जोरातराई अं में अजय चंद्राकर विधायक कुरुद के निर्देशानुसार सरकारी दुग्ध समिति का गठन किया गया। 16 मई को दूध खरीदी केंद्र का शुभारंभ किया गया व गर्मी में जल संकट को देखते हुए उनके मार्गदर्शन में जिला पंचायत सदस्य व सभापति श्रीमती पूजा राजू सिन्हा ने 15 वें वित्त मद से 2.50 लाख रुपए का पानी टैंकर प्रदान किया। इस अवसर पर जनपद सदस्य आनंद यदु, श्रीमती पूर्णिमा साहू पूर्व जनपद अध्यक्ष, रामस्वरूप साहू पूर्व जनपद उपाध्यक्ष, ईश्वर निषाद उपसरपंच, नंदकुमार साहू, बंशीलाल साहू, धनसिंह साहू, पंचम पाल, संतोष साहू, प्रकाश निषाद, प्यारेलाल पाल, देवनारायण साहू, बालमुकुंद साहू, सुरजीत तारक, प्रकाश तारक हाईस्कूल अध्यक्ष, नंदकुमार हिरवानी, श्रीमती शारदा साहू, हिरमेश साहू, यामिनी यदु, मोंगरा साहू समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।



# नशामुक्त समाज और सुरक्षित भविष्य पर जोर

- नवागांव (उ) में जन-जागरूकता कार्यक्रम हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

समाज को जागरूक बनाने और युवाओं को सही दिशा देने के उद्देश्य से अटल चौक नवागांव (उ) में एक जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में एसडीओपी कुरुद श्रीमती रागिनी मिश्रा और सरपंच टिकेश साहू ने भाग लिया।

अपने संबोधन में श्रीमती मिश्रा ने युवाओं में बढ़ती नशे की लत को समाज के लिए गंभीर खतरा बताया। उन्होंने कहा कि नशा न केवल युवाओं के भविष्य को प्रभावित कर रहा है, बल्कि घरेलू हिंसा, आर्थिक संकट और पारिवारिक विघटन जैसी समस्याओं को भी जन्म दे रहा है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों पर ध्यान देने और उन्हें सही मार्गदर्शन देने की अपील की। साथ ही डिजिटल युग में बढ़ते साइबर अपराधों से सावधान रहने और सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग करने की सलाह भी दी। सरपंच श्री साहू ने क्षेत्र में शराब और गांजे की आसान उपलब्धता पर चिंता जताई। उन्होंने सार्वजनिक स्थानों पर शराब सेवन पर सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए डिस्पोजल ग्लास और वॉटर पाउच की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने की आवश्यकता बताई। कार्यक्रम के अंत में नशा मुक्त समाज और स्वच्छ भारत के संकल्प को दोहराते हुए सभी नागरिकों से इसमें सक्रिय भागीदारी की अपील की गई।



# बिरझुली के सुशासन समाधान शिविर में 467 आवेदन मिले

- 367 आवेदन का तत्काल निराकरण, ग्रामीणों को मिली शासकीय योजनाओं की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

ग्राम पंचायत बिरझुली में मांग एवं शिकायतों का निराकरण हेतु क्लस्टर स्तरीय समाधान शिविर का आयोजन किया गया था। शिविर में ग्राम पंचायत बिरझुली, मोहेरा, मारागांव, बोईरगांव, खड़मा, सिंगपुर, मुड़केरा, भण्डारवाड़ी, सोनझरी, केकराखोली, एवं पठार को शामिल किया गया।

समाधान शिविर में शिक्षा विभाग को 6 को आवेदन प्राप्त हुए। इसी तरह उद्यानिकी विभाग को 2 , कृषि विभाग को 10, खादय नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग को 31 , जल संसाधन विभाग को 3, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग 226 , परिवहन विभाग 9 , पशु पालन विभाग को 18 को, महिला एवं बाल विकास विभाग 4, राजस्व विभाग को 39 , लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग 11 को , स्वास्थ्य विभाग को 8, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग 10 , श्रम विभाग 10, समाज कल्याण विभाग 7, आबकारी विभाग को 1, विद्युत विभाग को 15, उच्च शिक्षा विभाग को 6 आवेदन प्राप्त हुए। कुल 467 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें से 8 आवेदन शिकायत के थे। 364 मांग एवं 3 शिकायत कुल 367 आवेदन पत्रों का तत्काल निराकरण किया गया। आवेदनों के निराकरण की जानकारी ग्रामीणों को दी गई।



### जनप्रतिनिधियों ने किया स्टालों का निरीक्षण

शिविर में जनपद पंचायत अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार साहू , कृषि सभापति जिपं टीकाराम कंवर, भाजपा मण्डल अध्यक्ष मगरलोड रोहित मोहन साहू , भाजपा जिला उपाध्यक्ष विजय यदु, जनपद सदस्य गजेन्द्र दीवान, रामजी नेताम, रामकुमारी कश्यप, अध्यक्ष महिला मोर्चा मगरलोड कविता यादव, शत्रुहन साहू, बिरझुली सरपंच पुष्पलता सिन्हा, सरपंच प्रतिनिधि रामायण सिन्हा, लोमेश्वर साहू, ललेश्वरी यादव, त्रिवेणी सिन्हा, ललित नेताम, रोहित मरकाम, नंदकुमार नेताम, दुलार सिंग मौजूद थे। जनप्रतिनिधियों एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मगरलोड द्वारा सभी स्टालों का निरीक्षण किया गया। सभी विभागीय अधिकारियों से प्राप्त मांग एवं शिकायतों के निराकरण के संबंध में जानकारी ली गई।

### 8 लोगों का बना ड्राइविंग लाइसेंस

शिविर में 2 हितग्राहियों को नवीन राशन कार्ड वितरण, समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांग 1 ट्राईसिकल प्रदान की गई। पेंशन स्वीकृति आदेश का वितरण 2 हितग्राहियों को किया गया। श्रम विभाग द्वारा 3 हितग्राहियों को श्रम कार्ड वितरण किया गया। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा 42 लोगों का सिकलसेल, बीपी, शुगर, सर्दी बुखार एवं कमजोरी का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। 8 हितग्राहियों को आयुष्मान वय वंदन कार्ड का वितरण हुआ। 8 लोगों का ड्राइविंग लाइसेंस बनाया गया है।

# शनि जयंती पर श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

- भगवान शनिदेव का तेल से किया अभिषेक, छप्पन भोग भी लगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

ज्येष्ठ मास की कृष्ण पक्ष अमावस्या के अवसर पर शनिवार को नगर में शनि जयंती श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई। इस मौके पर श्रद्धालुओं ने न्याय के देवता शनिदेव की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की।

नगर के इंदिरा नगर स्थित सिविल अस्पताल परिसर के प्राचीन शनि मंदिर में सुबह से ही भक्तों का आना शुरू हो गया था। शनिदेव को तिल और तेल अर्पित करने के लिए लंबी कतारें देखने को मिलीं।



पंडित दुष्यंत पांडेय, पूनम द्विवेदी और हेमंत दुबे के सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन-पूजन संपन्न कराया गया, जिसके बाद महाआरती हुई। शाम 6 बजे विशेष आरती का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। इस दौरान भक्तों ने पीपल वृक्ष के नीचे तेल के दीपक जलाकर अपनी मनोकामनाएं मांगी। भगवान शनिदेव का तेल से अभिषेक कर आकर्षक श्रृंगार किया गया तथा छप्पन भोग अर्पित कर प्रसाद वितरण किया गया। आयोजन में शनि मंदिर समिति के विनोद सचदेव, केवल चंद्राकर, श्रवण योगमाया साहू, पप्पू राजपूत और गिरजानंद साहू सहित कई श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### 13 वर्षों बाद बना विशेष संयोग

पंडित दुष्यंत पांडेय ने बताया कि शनि देव को कर्मफल दाता और न्याय का देवता माना जाता है। इस वर्ष शनि जयंती शनिवार को पड़ने से विशेष महत्व रखती है, जो लगभग 13 वर्षों बाद बना दुर्लभ संयोग है। उन्होंने बताया कि इस दिन व्रत, पूजा और दान करने से शनि दोष, साढ़ेसाती और अढ़य्या के कष्टों से राहत मिलती है।

Pride of Dhamtari

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)
मो. 9981321524 / 7223011528



विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## खबर संक्षेप

### अपर कलेक्टर गरियाबंद पंकज डाहिरे होंगे प्रेक्षक

- नगरपालिका निर्वाचन एवं त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन

**धमतरी।** नगरपालिका निर्वाचन एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम उप निर्वाचन मई 2026 के संचालन एवं प्रेक्षण कार्य के लिए अपर कलेक्टर जिला गरियाबंद पंकज डाहिरे को धमतरी जिले का प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन अबिनाश मिश्रा ने आदेश जारी किया है कि प्रेक्षक को जिला धमतरी के भ्रमण के दौरान जिले के चारों जनपद पंचायतों के अंतर्गत जिन-जिन पंचायतों में उप निर्वाचन होना है, के क्षेत्रों का भ्रमण कराने के लिए सहायक संचालक, आजीविका महाविद्यालय डॉ.शैलेन्द्र कुमार गुप्ता को लाईजनिंग अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### ओजस्वी ने किया अंचल को गौरवान्वित



- 12 वीं सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में विद्यालय में रही द्वितीय

**अंवरी।** 12 वीं सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में ग्राम कल्ले निवासी कुमारी ओजस्वी साहू ने केंद्रीय विद्यालय धमतरी में 83.20 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण कर पूरे विद्यालय में द्वितीय एवं अपने संकाय में प्रथम स्थान प्राप्त कर पूरे अंचल को गौरवान्वित किया। ओजस्वी शुरू से ही मेधावी छात्र रही। वह कक्षा पहली से 12वीं तक की पढ़ाई केंद्रीय विद्यालय धमतरी में की। वह मोहनलाल - यामिनी साहू की पुत्री एवं तीरथ राम साहू की सुपौत्री है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने बड़े पापा ईश्वर लाल साहू भुनेश्वर लाल साहू प्रोफेसर एवं बड़ी मां मोनिका साहू, दादा तीरथ राम साहू तथा प्राचार्य एवं अपने गुरुजनों को दिया है।

### मड़ेली में विकास कार्यों का हुआ भूमिपूजन

**जीजामगांव।** ग्राम पंचायत मड़ेली विकास कार्यों का भूमिपूजन हुआ। 15वें वित से आंतरिक नाली निर्माण शेखर साहू घर से यशवंत निर्मलकर घर तक और सीसी रोड निर्माण भोला धीवर से नागेश घर तक एवं दिलीप साखरे घर से महेश घर तक होगा।

## निधन

### दक्षणु राम साहू



**धमतरी।** ग्राम गुदगुदा-कुरूद निवासी दक्षणुराम साहू का 13 मई को निधन हो गया। उनकी अंत्येष्टि में समाजजन सहित ग्रामीण उपस्थित थे। वे अनुसुईया साहू के पति, दक्षकुमार साहू के भाई, सनातन साहू के पिता एवं झागेश्वर साहू के दादा थे।

# उपद्रवियों को खदेड़ने जवानों ने छोड़े अश्रु गैस के गोले!

## पुलिस ने किया हाई अलर्ट बलवा ड्रिल का अभ्यास



हरिभूमि न्यूज ⏩ धमतरी

उपद्रवियों पर नियंत्रण के लिए जवानों ने अश्रुगैस के गोले छोड़ने व लाठीचार्ज के साथ फायरिंग करने का अभ्यास किया। यह पुलिस का हाईअलर्ट बलवा ड्रिल का अभ्यास था।

पुलिस अधीक्षक सूरजसिंह परिहार के निर्देशन में कानून व्यवस्था के चुनौतीपूर्ण एवं विपरीत परिस्थितियों में प्रभावी ढंग से निपटने, उग्र भीड़ एवं दंगाईयों को नियंत्रित करने तथा पुलिस बल की त्वरित प्रतिक्रिया और क्षमता को और मजबूत बनाने के लिए रक्षित केंद्र रूद्री में मॉकड्रिल अभ्यास का छटवां सत्र आयोजित किया गया। इस विशेष अभ्यास के दौरान दंगा एवं उपद्रव जैसी परिस्थितियों को वास्तविक स्वरुप तैयार किया गया। जिसमें प्रदर्शनकारियों द्वारा पथराव, सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने एवं पुलिस बल पर आक्रामक व्यवहार की स्थिति निर्मित की गई। रक्षित निरीक्षक दीपक शर्मा द्वारा बलवा मॉकड्रिल के लिए पुलिस जवानों की अलग-अलग टीम गठित की गई। जिसमें टियर गैस पार्टी, केन पार्टी, लाठी पार्टी, राइफल पार्टी व मेरिकल पार्टी को उनके दायित्वों के अनुरुप आवश्यक दिशा- निर्देश दिया गया। अभ्यास के दौरान प्रदर्शनकारियों को पहले समझाइश देकर शांतिपूर्ण ढंग से नियंत्रित करने का प्रयास किया गया। किंतु भीड़ की स्थिति में पुलिस द्वारा चरणबद्ध कार्रवाई शुरु की गई। पहले चेतावनी दी गई, उसके बाद अश्रुगैस के गोले छोड़े गए। हिंसक गतिविधियों को देखते हुए माइक अनाउंसमेंट से अंतिम चेतावनी दी गई। परिस्थिति अधिक गंभीर होने पर भीड़ को नियंत्रित करने पुलिस टीम द्वारा लाठी चार्ज किया गया। वहीं मजिस्ट्रेट के आदेश उपरांत पांच राउंड फायरिंग का भी अभ्यास किया गया। अभ्यास में कुछ प्रदर्शनकारियों एवं पुलिसकर्मियों के घायल होने की काल्पनिक स्थिति निर्मित की गई। जिनका मेडिकल टीम द्वारा तत्काल प्राथमिक उपचार कर एम्बुलेंस से अस्पताल पहुंचाने की कार्रवाई का सफल प्रदर्शन किया गया। बलवा ड्रिल अभ्यास के दौरान सीएसपी अभिषेक चतुर्वेदी, डीएसपी मोनिका मरावी, भानुप्रताप चंद्राकर, यशकरण दीप ध्रुव, रक्षित निरीक्षक दीपक शर्मा सहित जिले के थाना व चौकी प्रभारी, पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपसस्थित थे।

## किसानों को समय पर ऋण व खाद मुहैया कराने के दिए निर्देश

# सहकारिता आयुक्त ने किया समितियों का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏩ कुरूद

सहकारिता विभाग की कार्यप्रणाली को सुदृढ़ करने और जमीनी स्तर पर व्यवस्थाओं का जायजा लेने के उद्देश्य से आयुक्त एवं पंजीयक सहकारिता महादेव कावरे ने कुरूद क्षेत्र की सहकारी समितियों का आकस्मिक निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने शाखा कुरूद के अंतर्गत आने वाली गाड़ाडीह और कुहकुहा समितियों का दौरा कर वस्तुस्थिति को परखा।आयुक्त श्री कावरे ने निरीक्षण के दौरान मंडी बोर्ड द्वारा निर्मित किए जा रहे किसान कुटीर एवं गोदाम निर्माण कार्य का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता को उच्च स्तरीय बनाए रखने और सभी कार्यों को समय-सीमा के भीतर पूर्ण करने के सख्त निर्देश अधिकारियों को दिए।

इस आकस्मिक निरीक्षण के दौरान जिला सहकारी केंद्रीय बैंक रायपुर के अध्यक्ष निरंजन सिन्हा, उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं (धमतरी) पीके ठाकुर, नोडल अधिकारी बलरामपुरी गोस्वामी, सहकारिता विस्तार अधिकारी जितेंद्र नंदा, शाखा प्रबंधक टिकेन्द्र बैस और पर्यवेक्षक चंद्रकुमार साहू सहित विभिन्न समितियों के कर्मचारी व स्थानीय पदाधिकारी उपस्थित थे।



### ऋण वितरण और खाद भंडारण की समीक्षा

समितियों की बैठक लेते हुए सहकारिता आयुक्त ने खरीफ ऋण वितरण की वर्तमान स्थिति की व्यापक समीक्षा की। उन्होंने जोर देकर कहा कि खरीफ सीजन को देखते हुए किसानों को समय पर ऋण उपलब्ध कराया जाए। इसके साथ ही उन्होंने खाद के भंडारण और वितरण व्यवस्था को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए, ताकि खेती-किसानी के दिनों में किसानों को किसी भी तरह की किल्लत या परेशानी का सामना न करना पड़े।

### सहकार से समृद्धि योजना पर फोकस

बैठक में किसानों के हित से जुड़ी विभिन्न योजनाओं पर भी चर्चा हुई। आयुक्त ने केसीसी (किसान क्रेडिट कार्ड) वितरण, सीएससी (कॉमन सर्विस सेंटर) संचालन, माइक्रो एटीएम की सुविधा और सहकार से समृद्धि योजना के प्रभावी क्रियान्वयन की प्रगति जानी। उन्होंने मैदानी अधिकारियों को निर्देशित किया कि सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम छोर के किसान तक पहुंचे।

# लखनपुरी में 22.96 लाख से बनेगा नवीन प्राथमिक शाला भवन, हुआ भूमिपूजन

- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में विकास कार्यों को मिली गति : श्रवण
- भाजपा सरकार में गांवों में शिक्षा प्रणाली हो रही मजबूत : अरुण

हरिभूमि न्यूज ⏩ नगरी



ग्राम पंचायत लखनपुरी एवं आश्रित ग्राम बम्हनीनभरी में 22.96 लाख रुपए की लागत से बनने वाले नवीन प्राथमिक शाला भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन हुआ। इससे क्षेत्र के बच्चों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण एवं आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक श्रवण मरकाम ने कहा कि छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पेयजल सहित हर क्षेत्र में विकास कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्र में बेहतर शिक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराने नवीन स्कूल भवनों का निर्माण कराया जा रहा है। राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि गांवों के बच्चों को भी शहरों जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हों।

विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण कुमार सार्वा ने कहा कि भाजपा सरकार की जनहितैषी नीतियों एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की संवेदनशील सोच के कारण गांव-गांव तक विकास कार्य पहुंच रहे हैं। शिक्षा के क्षेत्र को विशेष प्राथमिकता देते हुए नए स्कूल भवनों का निर्माण, आधारभूत सुविधाओं का विस्तार और विद्यार्थियों के लिए बेहतर वातावरण तैयार किया जा रहा है। लखनपुरी एवं बम्हनीनभरी के बच्चों के लिए यह नवीन प्राथमिक शाला भवन भविष्य में काफी लाभकारी साबित होगा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता लखनपुरी की सरपंच रेखा बाई मरकाम ने की। इस अवसर पर जनपद सदस्य सत्यवती नेताम, उपसरपंच नारद नेताम, पूर्व सरपंच सदाराम मरकाम, नोहर नेताम, भाजपा मंडल नगरी मीडिया प्रभारी दानवीर मरकाम, संदीप छत्तर सहित पंचायत प्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

ग्रामीणों ने कहा कि इससे बच्चों को बेहतर शिक्षण वातावरण मिलेगा और शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिलेगा।

# पति की दीर्घायु के लिए महिलाओं ने रखा निर्जला व्रत



- बरगद चौक में पूजा-अर्चना के लिए उमड़ी महिलाओं की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏩ नगरी

सुहागिन महिलाओं का प्रमुख पर्व वट सावित्री व्रत 16 मई को श्रद्धा, भक्ति और आस्था के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विवाहित महिलाओं ने अपने पति की दीर्घायु, सुख-समृद्धि एवं परिवार की खुशहाली की कामना करते हुए निर्जला व्रत रखा तथा वट वृक्ष (बरगद) की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। नगर के बजरंग चौक, साईं मंदिर, पुरानी बस्ती सहित विभिन्न स्थानों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पर्व मनाया गया। पर्व के दो दिन पहले बाजारों में पूजा सामग्री, रक्षा सूत्र, मिट्टी के दीये, फल-फूल, नारियल, अगरबत्ती तथा अन्य पूजन सामग्रियों की दुकानों पर रौनक बढ़ गई थी।

धार्मिक मान्यता के अनुसार माता सावित्री ने अपने तप, त्याग, समर्पण और अटूट संकल्प के बल पर यमराज से अपने पति सत्यवान के प्राण वापस प्राप्त किए थे। तभी से यह व्रत सुहागिन महिलाओं के लिए विशेष महत्व रखता है। मान्यता है कि विधि-विधान से वट सावित्री व्रत करने से अखंड सौभाग्य की प्राप्ति होती है तथा परिवार में सुख-शांति और समृद्धि बनी रहती है।

इस दिन महिलाओं ने वट वृक्ष के नीचे एकत्र होकर पूजा-अर्चना की। वट वृक्ष की परिक्रमा कर रक्षासूत्र बांधा और अपने पति के दीर्घायु जीवन की कामना की। बरगद चौक नगरी में बड़ी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति रही। इस अवसर पर कामिनी साहू, पूर्णिमा, ज्योति ठाकुर, आराधना, चंचल साहू, प्रतिभा देवांगन सुमन, दिगेश्वरी साहू सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद थीं। पर्व को लेकर नगर में धार्मिक उत्साह और उल्लास का वातावरण बना रहा।

### कांग्रेसियों ने पार्टी को मजबूत बनाने का लिया संकल्प

**धमतरी।** जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर डाकबंगला वार्ड में संगठन सृजन अभियान के तहत कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। ब्लॉक अध्यक्ष योगेश शर्मा ने कहा कि डाकबंगला वार्ड कांग्रेस का अभेद किला है जिसमें भाजपा कभी कब्जा नहीं कर पाई है। अन्य बूथों पर इसी तरह कार्य करने की आवश्यकता है।

# भेलवाकूदा की महिलाओं ने की वट वृक्ष की पूजा-अर्चना



हरिभूमि न्यूज ⏩ कोर्रा(भखारा)

ग्राम भेलवाकूदा में महिलाओं ने शुक्रवार को श्रद्धा एवं उत्साह के साथ वट सावित्री व्रत का पूजन-अर्चन किया। इस अवसर पर गांव की महिलाओं ने विधि-विधान से वट वृक्ष की पूजा कर अपने पति की दीर्घायु एवं परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।

पूजन कार्यक्रम पंडित जगदीश्वर शर्मा द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न कराया गया। महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में सज-धजकर वट वृक्ष की परिक्रमा की तथा पूजा-अर्चना कर व्रत कथा का श्रवण किया।

इस अवसर पर पूर्णिमा धनकर सरपंच गाड़ाडीह, सरस्वती धनकर, हेमकल्याणी, कविता धनकर, मुस्कान धनकर सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं। सभी महिलाओं ने सामूहिक रूप से पूजा कर भारतीय संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण का संदेश दिया। ग्रामीण क्षेत्र में इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों से सामाजिक एकता और सांस्कृतिक मूल्यों को बढ़ावा मिलता है। वट सावित्री पर्व को लेकर महिलाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला।

# रत्नाबांधा रोड पर पेड़ की शाखा गिरने से यातायात प्रभावित



**धमतरी।** शहर के रत्नाबांधा रोड स्थित बंधन बैंक के सामने शुक्रवार को एक बड़े पेड़ की भारी शाखा अचानक टूटकर सड़क पर गिर गई। घटना के समय सड़क पर आवाजाही जारी थी, लेकिन गनीमत रही कि कोई व्यक्ति इसकी चपेट में नहीं आया और बड़ा हादसा टल गया। शाखा गिरने से कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित हो गया। सड़क के दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों और संबंधित कर्मचारियों ने तत्परता दिखाते हुए सड़क पर गिरी शाखा को हटाने का कार्य शुरू किया। कुछ ही देर में शाखा को हटाकर यातायात को फिर से सुव्यवस्थित कर दिया गया। घटना के बाद क्षेत्र के लोगों ने पुराने और कमजोर पेड़ों की समय-समय पर छंटाई कराने की मांग की है।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## अंचल की खबरें

### पॉलीटेक्निक कॉलेज में स्वास्थ्य जागरूकता पर कार्यक्रम





**धमतरी।** भोपालराव पवार शासकीय पॉलीटेक्निक कालेज में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम अन्तर्गत ग्रीष्मकालीन मौसम में होने वाली बीमारियों के कारण तथा उनसे बचने के उपाय, खानपान में सावधानी रखने एवं आयुर्वेद चिकित्सा अस्पताल में उपलब्ध औषधि के बारे में छात्र-छात्राओं को जानकारी दी गई। विद्यार्थियों के प्रश्नों का समाधान भी किया गया। कार्यक्रम में रेडक्रास काउन्सलर श्रीमती डॉली डड़सेना, सहप्रभारी एसके गजेन्द्र सहायक कार्यक्रम अधिकारी टीके मरकाम, यशवन्त सिदार, कृष्णा वर्मा, कृष्णानंद ध्रुव, गौरव सोनी ने सहयोग किया।

### परसट्ठी में 10 लाख से तालाब का गहरीकरण



**सिर्री।** ग्राम पंचायत परसट्ठी (संकरी) के मुक्तिधाम तालाब में मनरेगा के तहत तालाब गहरीकरण का कार्य जारी है जिसमें 300 मजदूर काम कर रहे हैं। ओमप्रकाश साहू सरपंच, यादेश्वर साहू रोजगार सहायक ने बताया कि मुक्तिधाम तालाब गहरीकरण के लिए 10 लाख की राशि स्वीकृति हुई है।10 दिनों तक गहरीकरण किया जाएगा। इस कार्य में 10 मेट कार्यरत हैं। मौके पर सरपंच ओमप्रकाश साहू, उपसरपंच ममता साहू, पंचगण दीपक साहू, अजीत साहू, गोपी साहू, गणेश्वरी साहू, ललिता तारक, मनीषा साहू, ग्रामीण अध्यक्ष वामन देव साहू, पूर्व जनपद सदस्य देवेंद्र साहू, पूर्व सरपंच कुबेर सिंह ध्रुव, संतोष साहू, मुकेश साहू, चंद्रहास साहू सहित अन्य ग्रामीण मजदूर शामिल रहे।

### महापौर ने हितग्राहियों को भवन अनुज्ञा पत्र किया जारी



**धमतरी।** पोस्ट ऑफिस वार्ड में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत महापौर रामू रोहरा द्वारा हितग्राही रूपा बाई पटेल, माहेश्वरी महार एवं गौरी राव को भवन निर्माण हेतु अनुज्ञा पत्र प्रदान किया गया। महापौर ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों के लिए एक महत्वपूर्ण योजना है, जिसके माध्यम से हर व्यक्ति को अपने सपनों का पक्का मकान प्राप्त हो रहा है। नगर निगम द्वारा योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने लगातार कार्य किया जा रहा है ताकि सभी को मूलभूत सुविधाओं के साथ बेहतर आवास उपलब्ध हो सके। इस अवसर पर पार्षद चंद्रभागा साहू ने हितग्राहियों को शुभकामनाएं देते हुए शीघ्र भवन निर्माण कार्य पूर्ण करने की बात कही।

### महिलाओं ने वट वृक्ष की पूजा कर पति की लंबी आयु मांगी



**डांडेसरा।** ग्राम डांडेसरा की सुहागिन महिलाओं ने अपने पति की दीर्घायु की कामना को लेकर वट सावित्री व्रत रखा। यह व्रत विवाहित महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र, अच्छे स्वास्थ्य और सुखी दांपत्य जीवन की कामना के लिए रखती हैं। इस दिन महिलाएं वट वृक्ष की पूजा करती हैं। धार्मिक मान्यता है कि वट वृक्ष में ब्रह्मा, विष्णु और महेश का वास होता है। इस कारण पूजा का महत्व और बढ़ जाता है। सुहागिन महिलाएं रंग-बिरंगी साड़ियों में सजकर सोलह श्रृंगारकर वट वृक्ष के नीचे एकत्रित हुईं। वट वृक्ष की परिक्रमा कर, कच्चा सूत्र बांधकर पति की दीर्घायु की कामना की। इस दौरान महिलाओं ने सामूहिक रूप से बैठकर कथा सुनीं। इस अवसर पर खुमेश्वरी साहू, संध्या साहू, बैजंतीमाला साहू, डागेश्वरी ध्रुव, दुर्गा साहू, केशमी साहू, उर्वशी साहू, ईश्वरी साहू, भुनेश्वरी ध्रुव, लीलिमा साहू उपस्थित थी।

### मगरलोड कॉलेज में हुई सकोरा निर्माण प्रतियोगिता

**मगरलोड।** यशवंतराव मेघावाले शासकीय महाविद्यालय मगरलोड की प्राचार्य डॉ प्रभा वेरुलकर के मार्गदर्शन में इको क्लब द्वारा सकोरा (कृत्रिम पक्षी ग्रह) निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं में पर्यावरण संरक्षण की भावना का सृजन करना था। सकोरा के माध्यम से बेजान परिंदों के लिए इस तपती गर्मी में दाना, पानी और छांव की व्यवस्था करना जिसके माध्यम से पक्षी संरक्षण की भावना निर्मित हो सके।

# धमतरी में सर्विस लेन पर कब्जा, निर्माण कार्य से ट्रैफिक जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शहर के सदर बाजार, एनएच रिंग रोड, सिहावा रोड और रुद्री रोड आदि की सर्विस लेन इन दिनों अव्यवस्था का बड़ा कारण बन गई है। सड़क निर्माण कार्य के बीच सर्विस लेन पर ट्रकों और व्यापारियों के कब्जे से यातायात व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो रही है।

हालात ऐसे हैं कि आधी सड़क निर्माण कार्य में घिरी हुई है, जबकि बची हुई जगह पर अवैध पार्किंग और सामान उतारने-चढ़ाने का काम किया जा रहा है। इससे वाहन चालकों को संकरी जगह से गुजरना पड़ रहा है और रोजाना जाम की स्थिति बन रही है। शहरवासी सियाराम शुक्ला, गुरुशरण पांडे, अनमोल आहूजा, ऋतिक सुनहरे, जितेंद्र यदु, भारत सिन्हा आदि का कहना है कि सर्विस लेन का उपयोग इमरजेंसी वाहनों, लोकल ट्रैफिक और खराब वाहनों के लिए होना चाहिए, लेकिन वर्तमान में यह पार्किंग स्थल बन चुकी है।

भारी वाहन घंटों सड़क किनारे खड़े रहते हैं, वहीं कई दुकानदार भी सड़क तक सामान फैलाकर अतिक्रमण कर रहे हैं।

## अवैध पार्किंग और अतिक्रमण से परेशान शहरवासी, सर्विस लेन खाली कराने की मांग

### कार्रवाई की मांग, निर्माण कार्य जल्द पूरा करने की जरूरत

शहरवासियों ने प्रशासन और यातायात विभाग से कई बार मांग की है कि सर्विस लेन से अवैध पार्किंग और कब्जे हटाए जाएं तथा निर्माण कार्य को निर्धारित समय में पूरा कराया जाए। लोगों का कहना है कि लगातार बढ़ते ट्रैफिक दबाव के बीच सड़क पर अव्यवस्था परेशानी का कारण बन रही है। स्कूल, अस्पताल और बाजार क्षेत्र में जाम लगने से लोगों का समय भी बर्बाद हो रहा है।



### आउटर और मुख्य मार्गों पर लगातार निगरानी

यातायात पुलिस का कहना है कि आउटर और मुख्य मार्गों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई भी की जा रही है। हाल ही में कई वाहनों पर चालानी कार्रवाई की गई है। अधिकारियों के अनुसार निर्माण कार्य के कारण कुछ हद तक आवागमन प्रभावित हो रहा है, लेकिन सड़क पर कब्जे और अवैध पार्किंग की शिकायतों की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### निर्माण एजेंसियां समय पर कार्य पूरा करें

शहरवासियों का मानना है कि यदि निर्माण एजेंसियां समय पर कार्य पूरा करें और सर्विस लेन को अतिक्रमण मुक्त बनाया जाए, तो यातायात व्यवस्था काफी हद तक सुधर सकती है और लोगों को रोजाना जाम की समस्या से राहत मिल सकेगी।

इसके कारण दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों को मुख्य सड़क पर ही चलना पड़ता है, जहां निर्माण कार्य के चलते पहले से ही मार्ग संकरा हो चुका है।

---

## खबर संक्षेप



### वार्ड के बुजुर्गों का हालचाल जानने पहुंचीं पार्षद हिमानी

- गर्मी से बचाव के लिए सावधानी बरतने की दी सलाह

**धमतरी।** लालबगीचा वार्ड क्रमांक 03 की पार्षद श्रीमती हिमानी साहू ने वार्ड के बुजुर्गजनों से मुलाकात कर उनका स्वास्थ्य जाना। इस दौरान उन्होंने बुजुर्गों से आत्मीय चर्चा करते हुए उनकी समस्याओं की जानकारी भी ली। गर्मी के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए पार्षद ने बुजुर्गों से अत्यधिक धूप एवं तेज तापमान से बचाव करने की अपील की। उन्होंने कहा कि दोपहर के समय अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलें तथा अधिक से अधिक समय घर पर रहकर अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। उन्होंने पर्याप्त मात्रा में पानी पीने, हल्का एवं सुपाच्य भोजन करने तथा गर्मी से बचाव हेतु आवश्यक सावधानी अपनाने की सलाह दी।

### हाईकोर्ट के आदेश से हजारों पेंशनरों को बड़ी राहत

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ के पेंशनरों के लिए बड़ी राहत भरी खबर सामने आई है।



माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर ने राज्य सरकार को पेंशनरों के अधिकारों के तहत 6वें एवं 7वें वेतनमान का लाभ निर्धारित तिथि से देने का आदेश दिया है। 6वें वेतनमान का लाभ 1 जनवरी 2006 के स्थान पर 1 अगस्त 2008 से तथा 7वें वेतनमान का लाभ 1 जनवरी 2016 के बाद 1 मई 2018 से लागू किए जाने के कारण हजारों पेंशनर लंबे समय से पेंशन एरियर्स से वंचित थे। पेंशनर्स एसोसिएशन के प्रांताध्यक्ष यशवंत देवान ने बताया कि प्रदेश के लगभग 40 हजार पेंशनरों को 32 माह तथा करीब 80 हजार पेंशनरों को 27 माह के एरियर्स का लाभ मिलेगा। उच्च न्यायालय ने सभी पात्र पेंशनरों को 120 दिनों के भीतर भुगतान करने के निर्देश दिए हैं। पेंशनर्स एसोसिएशन के अनुसार वर्ष 2006 के पूर्व सेवानिवृत्त पेंशनरों को कुल 59 माह अर्थात 4 वर्ष 11 माह का एरियर्स प्राप्त होगा। वहीं 1 जनवरी 2016 के पूर्व सेवानिवृत्त पेंशनरों को 27 माह अर्थात 2 वर्ष 5 माह का एरियर्स मिलेगा। यदि किसी पेंशनर का निधन हो चुका है तो उनके जीवित पति-पत्नी अथवा उत्तराधिकारी परिवार को यह राशि प्रदान की जाएगी।

### नगर की दीवारें बच्चों की रंग-बिरंगी कल्पनाओं से जीवंत हो उठीं

**नगरी।** नगर पंचायत नगरी क्षेत्र अंतर्गत बच्चों में छिपी हुई कलात्मक प्रतिभा को मंच प्रदान करने एवं उनकी रचनात्मक सोच को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से वॉल पेंटिंग प्रतियोगिता रखी गई। इस दौरान नगर की दीवारें बच्चों की रंग-बिरंगी कल्पनाओं और सामाजिक संदेशों से जीवंत हो उठीं। प्रतियोगिता में पहली कक्षा से लेकर 12वीं तक के बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

---

### जिले में पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया गया वट सावित्री व्रत

# वट सावित्री व्रत पर सुहागिनों की उमड़ी श्रद्धा, सौभाग्यवती रहने की कामना

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिले में शनिवार को वट सावित्री व्रत श्रद्धा, आस्था और पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया गया। ज्येष्ठ मास की अमावस्या तिथि पर सुहागिन महिलाओं ने अखंड सौभाग्य, पति की लंबी आयु और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना करते हुए व्रत रखा। सुबह से ही शहर और ग्रामीण क्षेत्र के मंदिरों तथा बरगद वृक्षों के आसपास महिलाओं की भीड़ देखने को मिली। महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सज-धजकर पूजा स्थलों पर पहुंचीं और विधि-विधान से वट वृक्ष की पूजा-अर्चना की।

जिले के रत्नाबांधा, बनियापारा, सदर बाजार, आमातालाब रोड, महिमासागर वार्ड, रामसगरी गार्डन, जिला अस्पताल स्थित साईं मंदिर परिसर, बालक स्कूल के पास सहित विभिन्न स्थानों पर धार्मिक माहौल बना रहा। कई जगह महिलाओं ने सामूहिक रूप से पूजा कर एक-दूसरे को व्रत की शुभकामनाएं भी दीं।

महिलाओं ने पूजा सामग्री में जल, रोली, मौली, भीगे हुए चने, फल, धूप-दीप और कच्चा सूत लेकर बरगद वृक्ष की पूजा की। पूजा के दौरान महिलाओं ने वट वृक्ष की परिक्रमा कर कच्चा धागा बांधा तथा सावित्री-सत्यवान की कथा का श्रवण किया। कई स्थानों पर महिलाओं ने पारंपरिक मंगल गीत भी गाए, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा।

व्रती महिलाओं कुमारी साहू, राधिका साहू, लता साहू, चंचला मार्कण्डेय, प्रेमिन मार्कण्डेय, वत्सला विश्वकर्मा, माया निर्मलकर, पिंकी चौधरी, सरिता सोनकर, शांति धीवर ने बताया कि वट सावित्री व्रत भारतीय संस्कृति और पारिवारिक मूल्यों का प्रतीक है।

## बरगद वृक्ष की पूजा कर मांगी परिवार की खुशहाली



### पौराणिक कथा से जुड़ी है व्रत की मान्यता

पौराणिक मान्यता के अनुसार सावित्री ने अपने तप, समर्पण और बुद्धिमत्ता से यमराज से अपने पति सत्यवान के प्राण वापस प्राप्त किए थे। कथा के अनुसार जब यमराज सत्यवान के प्राण लेकर जा रहे थे, तब सावित्री ने उनका पीछा किया और अपनी वाणी एवं तपस्या से उन्हें प्रसन्न कर लिया। यमराज ने सावित्री को वरदान मांगने का अवसर दिया, जिसमें सावित्री ने अंत में सौ पुत्रों का सुख मांगा। यमराज को अपना वरदान पूरा करने के लिए सत्यवान के प्राण लौटाने पड़े। इसी मान्यता के कारण महिलाएं पति की दीर्घायु और अखंड सौभाग्य के लिए यह व्रत रखती हैं।

### मंदिरों और पूजा स्थलों में दिनभर रहा धार्मिक माहौल

शहर के विंध्यवासिनी मंदिर, राम मंदिर, शिव मंदिर और अन्य धार्मिक स्थलों में सुबह से दोपहर तक श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। महिलाओं ने पूजा-अर्चना के बाद परिवार की सुख-समृद्धि और घर में खुशहाली की कामना की। कई स्थानों पर महिलाओं ने सामूहिक रूप से व्रत कथा सुनकर धार्मिक परंपराओं को आगे बढ़ाने का संदेश भी दिया। जिले में वट सावित्री व्रत को लेकर महिलाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला और पूरा दिन धार्मिक आस्था और पारंपरिक संस्कृति के रंग में रंगा रहा।

---

# थियेटर कला के महाकुंभ में युवा सीख रहे अभिनय की बारीकियां



- 40 से अधिक प्रतिभागियों को राष्ट्रीय कलाकार दे रहे प्रशिक्षण
- शाश्वत उत्सर्ग यूथ थियेटर ग्रुप की 5 दिवसीय आवासीय थियेटर वर्कशॉप शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शाश्वत उत्सर्ग यूथ थियेटर ग्रुप एवं अज़ीम प्रेमजी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित थियेटर वर्कशॉप के तीसरे संस्करण का आगाज़ हो चुका है। शंकरदाह स्थित अज़ीम प्रेमजी फाउंडेशन के परिसर में संचालित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के चारों ब्लॉक धमतरी, कुरुद, मगरलोड और नगरी से 40 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया है, जो अभिनय की बारीकियों को सीखने के लिए एक मंच पर एकत्रित हुए हैं।

संस्था के संस्थापक आकाश गिरी गोस्वामी और राजकुमार सिन्हा के कुशल मार्गदर्शन में यह कार्यशाला पूरी तरह से निःशुल्क और आवासीय रखी गई है। इस सत्र में देश के प्रतिष्ठित और राष्ट्रीय स्तर के कलाकार अपनी सेवाएं दे रहे हैं। मुख्य प्रशिक्षक गौतम साहू, सोहन साहू, वैभव रणसिंग, आशीष साहू, गुलशन ध्रुव और दुष्यंत सिन्हा हैं, जो प्रतिभागियों को बॉडी लैंग्वेज, वॉयस मॉड्यूलेशन, चरित्र निर्माण और रंगमंच के तकनीकी पहलुओं का गहन प्रशिक्षण दे रहे हैं। साथ ही, विजुअल आर्ट्स और छायांकन के महत्व को समझाने के लिए कैमरामैन टिकेश्वर निर्मलकर और माखन निर्मलकर भी अपनी तकनीकी विशेषज्ञता साझा कर रहे हैं। प्रशिक्षकों का मानना है कि इस प्रशिक्षण से जिले में भविष्य के मंझे हुए कलाकार तैयार होंगे, जो आगे चलकर राष्ट्रीय पटल पर छत्तीसगढ़ का नाम रोशन करेंगे।

---

# जिला अस्पताल में स्टॉफ को दिया अग्नि सुरक्षा एवं बचाव का प्रशिक्षण



- अग्निशमन विभाग ने आग पर काबू पाने के विभिन्न तरीकों की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

अग्निशमन विभाग द्वारा आगजनी की बढ़ती हुई घटनाओं को देखते हुए जिला अस्पताल में अग्नि सुरक्षा व बचाव संबंधी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर आग बुझाने के तरीके बताए गए।

जिला अस्पताल में शनिवार को अग्निशमन विभाग द्वारा स्टॉफ को आग लगने की स्थिति में तत्काल बचाव और आग पर काबू पाने के विभिन्न तरीकों की जानकारी दी गई। इस दौरान अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों ने बताया कि गैस, सिलेंडर, कचरा, कपड़ा सहित अलग-अलग प्रकार की आग को बुझाने के लिए अलग-अलग उपकरणों और तरीकों का उपयोग किया जाता है। प्रशिक्षण में यह भी समझाया गया कि किस प्रकार की आग में किस अग्निशमन यंत्र का उपयोग करना चाहिए जिससे आग को तेजी से नियंत्रित किया जा सके और बड़ा हादसा टाला जा सके। कार्यक्रम में एक्सटिंग्विशर, ड्राई केमिकल पाउडर, फोम एक्सटिंग्विशर के उपयोग का व्यवहारिक प्रदर्शन भी किया गया। अग्निशमन विभाग की टीम ने स्टाफ को आपातकालीन स्थिति में घबराने के बजाय सतर्कता व सावधानी के साथ कार्य करने की सलाह दी। इस दौरान विभाग की ओर से सितेश पवार, देवेन्द्र साहू, दिलीप निषाद एवं भारत ठाकुर उपस्थित रहे। जिला अस्पताल सलाहकार गिरीश कश्यप ने बताया कि अग्निशमन विभाग द्वारा अस्पताल स्टॉफ को अग्नि सुरक्षा व बचाव के संबंध में जानकारी दी गई है।

# व्यक्ति अपनी उर्जा का उपयोग समाज में सुख, शांति के लिए करें : विराग मुनि

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

इतवारी बाजार स्थित जैन मंदिर में विराजमान जैन मुनि गणिवार्य वीरभद्र विराग मुनिश्री महाराज के 135वें दिन की कठोर तपस्या और उपवास के अवसर पर शहर में श्रद्धा और आस्था का अद्भुत वातावरण देखने को मिला। चिलचिलाती गर्मी और उमस के बीच भी मुनिश्री की साधना एवं आराधना निरंतर जारी है, जिसने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया।

मुनिश्री के दर्शन एवं आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। इस अवसर पर सर्व गुजराती समाज छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष एवं भाजपा प्रदेश सह कार्यालय मंत्री प्रीतेश गांधी, समाजसेवी पंडित राजेश शर्मा, पूर्व सभापति राजेंद्र शर्मा, पार्षद पिंटू यादव, कुलेश सोनी सहित अनेक जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों ने मुनिश्री का आशीर्वाद लेकर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। अपने प्रवचन में विराग मुनिश्री ने कहा कि व्यक्ति यदि अपने कर्तव्यों का नैतिक रूप से पालन करे और शक्ति का सदुपयोग करे तो समाज में सुख, शांति और उन्नति का मार्ग प्रशस्त होता है। उन्होंने भगवान श्रीराम के आदर्शों और सांस्कृतिक मूल्यों को जीवन में अपनाने का संदेश देते हुए कहा कि राम मंदिर स्थापना के बाद अब प्रत्येक व्यक्ति को अपने हृदय में राम को स्थापित करना चाहिए। मुनिश्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के धर्म एवं अध्यात्म के प्रति समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि उनके व्यक्तित्व ने पद को नई पहचान दी है। इस दौरान शिशिर सेठिया, डॉ. पपेश नाहर, धरम चौरड़िया, आशीष बंगानी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।



### सर्वधर्म समभाव हमारी पहचान : पं.राजेश

धमतरी। समाजसेवी पंडित राजेश शर्मा ने जैन मुनि गणिवार्य वीरभद्र विराग मुनिश्री महाराज से आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शहर की गौरवशाली परंपरा हमेशा सर्वधर्म समभाव की धार्मिक भावनाओं से ओत-प्रोत रही है, जिसमें मुनियों का 135 वां साधना, आराधना तथा तप के साथ शहर में उपस्थित हम सब का सौभाग्य तथा एक आस्था और श्रद्धा का अद्भुत, अलौकिक तथा अव्दितीय क्षण निर्मित कर रहा है।

### संत समाज की धरोहर : प्रीतेश

प्रीतेश गांधी ने मुनिगणों से आशीर्वाद प्राप्त करते हुए कहा कि संत समाज हमारे समाज की अमूल्य धरोहर हैं। समाज और राष्ट्र के उत्थान में साधु-संत, ऋषि-मुनियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस योगदान को विशेष रूप से रेखांकित किया है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि देश का धार्मिक और आध्यात्मिक इतिहास हमेशा उनके ऋणी रहेगा।

# साहू दंपति ने बच्चों को वितरित किए मौसमी फल



- हर साल 20 आम के पेड़ों से निकलते हैं हजारों किलो आम, लोगों में करते हैं वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

भैसमुंडी में आयोजित समर कैंप के दौरान पेड़ लगाबो तभे तो फल खाबो अभियान अंतर्गत प्रशिक्षु बच्चों को तुमनचंद साहू एवं रंजीता साहू द्वारा मौसमी फल वितरित किए गए। बच्चों को पेड़ों में प्राकृतिक रूप से पके स्वादिष्ट गरती आम एवं जैविक पपीते खिलाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर साहू दंपति ने कहा कि खेल के लिए फिटनेस, फिटनेस के लिए पौष्टिक भोजन और अच्छे भोजन के लिए स्वच्छ पर्यावरण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि वर्तमान भीषण गर्मी और बढ़ते तापमान से बचने का सबसे प्रभावी उपाय अधिक से अधिक वृक्षारोपण करना है। उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि खूब पेड़ लगाइए, फल खाइए और आसपास के लोगों को भी इसके लिए जागरूक कीजिए। उन्होंने बताया कि उनके द्वारा लगाए गए लगभग 20 आम के पेड़ों से हर साल हजारों किलो आम उत्पादन होता है, जिसे वे लोगों में बांट देते हैं। समर कैंप के प्रशिक्षक प्रवीर साहू ने कहा कि वर्षों बाद खट्टे-मीठे प्राकृतिक गरती आम का स्वाद लेकर मन प्रफुल्लित हो गया।

---

### घड़ी चौक में तमिलनाडु के पूर्व मंत्री उदयनिधि स्टालिन का पुतला दहन किया

# सनातन विरोधी बयान पर फूटा हिंदू समाज का आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

हिन्दू जागरण मंच के नेतृत्व में शनिवार को घड़ी चौक में सर्व हिन्दू समाज ने तमिलनाडु के पूर्व मंत्री उदयनिधि स्टालिन के सनातन धर्म विरोधी बयान के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन करते हुए पुतला दहन किया।

विरोध प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने कहा कि सनातन धर्म विश्व की सबसे प्राचीन संस्कृति एवं जीवन पद्धति है, जिसने सदैव मानवता, सहिष्णुता, सेवा और राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया है। सनातन समाज को समाप्त करने जैसे बयान करोड़ों हिन्दुओं की आस्था पर सीधा प्रहार है, जिसे किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। वक्ताओं ने आगे कहा कि वोट बैंक की राजनीति के लिए हिन्दू धर्म एवं सनातन संस्कृति का अपमान करना दुर्भाग्यपूर्ण है। हिन्दू समाज अब अपनी आस्था और संस्कृति के सम्मान के लिए एकजुट होकर आवाज बुलंद कर रहा है। घड़ी चौक में उदयनिधि स्टालिन का प्रतीकात्मक पुतला दहन कर कड़ी नाराजगी व्यक्त की गई। हिन्दू जागरण मंच ने प्रशासन एवं केंद्र सरकार से मांग की है कि देश की धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाले ऐसे बयान देने वालों पर कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाए, जिससे भविष्य में कोई भी व्यक्ति सनातन संस्कृति एवं हिन्दू समाज के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी करने का दुस्साहस न कर सके। कार्यक्रम में सर्व हिन्दू समाज, सामाजिक कार्यकर्ता, युवा एवं मातृशक्ति की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।









तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज